भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2907

जिसका उत्तर 10 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

19 आषाढ़, 1941 (शक)

आईटी कंपनियों पर वैश्विक आर्थिक मंदी का प्रभाव

2907. डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंता :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वैश्विक आर्थिक मंदी हैदराबाद सहित देश में आईटी कंपनियों को प्रभावित कर सकती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) : जी, नहीं। राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर व सेवा कंपनी संघ (नैसकॉम) के अनुसार भारतीय आई पी उद्योग राजस्व 8.6% वार्षिक दर भी वृद्धि जारी रखते हुए वित्तीय वर्ष 2018-19 में 164 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच रही है।

(ख) और **(ग)** : सवाल ही नहीं उठता। हालांकि सरकार की पहलें जैसे डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, स्पार्ट सिटी, डिजिटल अर्थव्यवस्था और ई-शासन कार्यक्रम के प्रोत्साहन ने आईटी उद्योग के लिए विकास के अवसर प्रदान किए हैं। इसके अलावा, सरकार ने सॉफ्टवेयर विकास, उत्पादन, नवोन्मेषी और कुशल सॉफ्टवेयर उत्पादों की आपूर्ति में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने के दृष्टिकोण के साथ राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर उत्पाद नीति की मंजूरी दी गई।

****